मजबूरी | नगर में घर-घर स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे , मजदूर अधिक बिल भरने मजबूर

आम आदमी अधिक बिजली बिल के बोझ तले दबा

नवभारत,पथरिया। जहाँ विद्युत मंडल की पहल पर घर - घर स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे वहीं मजदूर तबके का आदमी अधिक बिजली बिल के बोझ तले दबा जा रहा है अब से लगभग छै माह पूर्व अधिक बिल आने के कारण और जेई जमना प्रसाद के दुर्व्यवहार की वजह से पथरिया नगर के एक बुजुर्ग ने आत्महत्या करने की खबर तक सामने आई थी कुछ इसी प्रकार ग्राम बांसाकलां में अब माहौल बना हुआ है।



बांसा गाँव लोगों ने आरोप लगाया है कि जे.ई जमना प्रसाद प्रजापति के द्वारा जबरन हमारे घरों में स्मार्ट मीटर लगवाए गए है जिससे एक माह में लगभग सात से चौदह हजार रुपए तक का बिल दिया जा रहा है और जब विद्युत मंडल में इसकी शिकायत करने जाते है तो जेई साहब द्वारा भ्रमित कर वहां से बापिस पहुँचा दिया जाता है। वहीं अरविंद राठौर ने बताया कि मेरे यहां हरिशंकर/सुखलाल राठौर के नाम से कनेक्शन है और लगभग एक माह पहले विद्युत मंडल के कहने पर मैने स्मार्ट मीटर लगवाया था जो कि मीटर में तो खपत दिखा रहा है 75 यूनिट पर विद्युत मंडल द्वारा 477 यूनिट खपत का बिल थमा दिया गया है।

और जब जेई साहब के पास इसकी शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्होंने कहा तुम्हारा पिछला बिल भी जुड़कर इसमें आया है जबकि बिल में साफ दिख रहा है कि 477 यूनिट खपत मात्र एक माह की है ।

दर्जनों लोगों के बिलों में आ रही गड़बड़ी

सिर्फ अरविंद ही नहीं ग्राम बांसा के दर्जनों लोगों के बिलों में यह गड़बड़ी आई है जो एक गरीब तबके से आते है इनमें से कुछ मजदूरी पर तो कुछ पल्लेदारी करके अपना जीवन यापन करते है और ऐसे में अगर इनको हजारों के बिल थमा दिए जाएंगे तो इनका जीवन दूभर हो जाएगा।

इनका कहना :
जब जेई से इस संबंध में सवाल किया तो उनके द्वारा बताया गया स्मार्ट मीटर ने एक दम से डाटा उठा लिया है जिससे बिलों में गड़बड़ी हो गई है ऊपर बात करके बिलों को ठीक कराने की कोशिश करता हूं।

जमना प्रसाद प्रजापति जे .ई
कनिष्ठ अभियंता (नगरीय) पथरिया।

सुझाव, संवाद और समाधान समृद्धि की पहचान : राज्यमंत्री पटेल

नवभारत,दमोह. प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज दमोह जटाशंकर स्थित कार्यालय में क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारजनों से संवाद और उनके सुझाव की महत्वपूर्ण कड़ी है, जहां हम सभी की संयुक्त भागीदारी का लक्ष्य पथरिया विधानसभा को समृद्ध और खुशहाल बनाना है।

नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

नवभारत,पटेरा/दमोह. तहसील पटेरा में शाम को जनपद सभागार में सभी पटवारी राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार की समीक्षा बैठक हुई. जिसमें एसडीएम (आईएएस) ऋषिकेश विजय ठाकरे ने बैठक ली.जिसमें मुख्य राजस्व की बिंदु और जनगणना 2026 की समीक्षा की गई.सिंचाई संगणना, सीएम हेल्पलाइन,पीएम किसान, किसान, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा तरमीम, राजस्व बसूली,सीमांकन, आधार सीडिंग पर एसडीएम ने निर्देशित किया है कि नरवाई न जलाई जाए,अगर कोई भी किसान नरवाई जलाता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी. समीक्षा के दौरान तहसलीदार उमेश तिवारी ने सभी बिन्दुओ की हल्का बाइस समीक्षा की और सभी को निर्देशित किया कि 20तारीख के पहले अपनी पेंडेंसी खत्म करें. सीएम हेल्पलाइन का हंड्रेड परसेंट संतुष्टिपूरक निराकरण करें.जिस हल्के में अधिक पेंडेंसी रहेगी, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की ।

दिवंगत एएसआई के परिवार को आर्थिक राहत प्रदान की

एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा

नवभारत,दमोह. रेल्वे पुलिस में पदस्थ रहे दिवंगत एएसआई महेश कोरी के परिवार को बड़ी आर्थिक राहत प्रदान करते हुए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया.यह सहायता पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई है.लंबे समय से चल रही प्रशासनिक प्रक्रिया और वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष प्रयासों के बाद यह सहायता राशि स्वीकृत हुई,जिससे दिवंगत अधिकारी के परिवार को आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार मिला है.जानकारी के अनुसार, रेलवे पुलिस उप महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद के निर्देशन में इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही थी.संबंधित दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण कराने,बैंकिंग औपचारिकताओं को पूरा करने और योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर विशेष प्रयास किए गए.अंततः गुरुवार 9 अप्रैल को दमोह रेलवे स्टेशन परिसर स्थित जीआरपी सहायता केंद्र में स्वर्गीय एएसआई महेश कोरी की पत्नी अन्नपूर्णा तंतुवाय को एक करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया.गौरतलब है कि एएसआई महेश कोरी की 31 अगस्त 2025 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई थी. घटना के बाद जीआरपी थाना प्रभारी एच.एल. चौधरी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को संपूर्ण घटनाक्रम से अवगत कराया था.

दमोह जिला अस्पताल में पहली बार हुआ नेत्रदान

नवभारत,दमोह . जिला चिकित्सालय दमोह में पहली बार नेत्रदान संपन्न हुआ। मृतक कामता प्रसाद पिता मुरारी प्रसाद, उम्र 45 साल, मड़िया (पटेरा) निवासी के भाई मनोज दाहिया एवं पत्नि की इच्छानुसार मृतक के नेत्र दान की सहमति जताई, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ.राकेश राय, आईसीयू टीम एवं बीएमसी सागर नेत्र विभाग की टीम के संयुक्त प्रयास से नेत्र दान की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया।

पटेरा स्वास्थ्य केंद्र में चला सुरक्षित मातृत्व अभियान

21 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

नवभारत,पटेरा/दमोह.प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को पटेरा स्वास्थ्य केंद्र में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया. शिविर में कुल 21 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श प्रदान किया गया.स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य जरूरी परीक्षण किए गए.चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, संतुलित आहार और समय-समय पर जांच कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई.जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व उपलब्ध कराना और गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान करना है.उन्होंने बताया कि अभियान के तहत चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेष जांच की जा रही है.शिविर में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उन्होंने क्षेत्र में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं की जांच सुनिश्चित हो सके.स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी नियमित स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें, ताकि सुरक्षित मातृत्व का लक्ष्य हासिल किया जा सके.

डॉ . अम्बेडकर जयंती समारोह के उपलक्ष्य में बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित

नवभारत,दमोह.बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती समारोह की तैयारी क़ो लेकर बहुजन समाज पार्टी की जोन स्टर की सुभाष कॉलोनी की गुरु रविदास समुदायिक भवन मे बैठक रखी गई.जिसमे जिले के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की बैठक मे शामिल हुये.इस बैठक में मुख्यतिथि के रूप मे सागर जोन प्रभारी मान्य मनोज रजक रहे.जिन्होंने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष व बसपा महत्व पर विस्तार से चर्चा की व डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती समारोह जोन स्तरीय छतरपुर मे पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ क़ो अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होनें का आवाह्न किया. साथ हीं जोन प्रभारी मान्य मनोज रजक ने निर्देशित किया जो भी बसपा का पदाधिकारी छतरपुर कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा .

खेत में करंट लगने से 55 वर्षीय किसान की मौत, आलमपुर गांव में पसरा मातम

नवभारत,दमोह . जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई .मृतक की पहचान नन्ने अहिरवार (55 वर्ष), निवासी आलमपुर के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे, तभी अचानक बिजली के केबल की चपेट में आ गए .करंट इतना तेज था कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला .घटना के तुरंत बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया .घटना की सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया .

एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर फल वितरण

नवभारत,जबेरा/दमोह.भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर जबेरा में सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती जरूरतमंद मरीजों को फल वितरित किए गए. यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में चल रहे सप्ताहभर के सामाजिक कार्यक्रमों के तहत आयोजित किया गया. इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय ने कहा कि एनएसयूआई केवल एक संगठन नहीं, बल्कि आम छात्रों की आवाज़ है. संगठन ने छात्र राजनीति में मजबूत नींव रखते हुए हमेशा छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करता रहेगा.

कार्यक्रम में डॉक्टर शोएब कुरैशी, दासर सिंह, सचिन मेहरा, शिवराज, आलेश ठाकुर,जीवन ठाकुर, ज्ञानी यादव, अमित ठाकुर और लवकुश ठाकुर सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत द्वितीय चरण का कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,तेजगढ़/दमोह .मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 दृ द्वितीय चरणकार्यक्रम के अंतर्गत 28मार्च 2026 से 30 जून 2026 द्वितीय चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं .इसी क्रम में म .प्र . जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ द्वारा ग्राम तेजगढ़ में जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव के मार्गदर्शन रहा .

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस व किसान कांग्रेस का धरना



नवभारत,दमोह. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय कृषि उपज मंडी में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक जिले भर से आए हुए कांग्रेस जनों व किसान साथियों ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के विरोध में धरना व ज्ञापन देकर अपना विरोध महा महिमा राज्यपाल के समक्ष दर्ज कराया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल व किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दीवान अमर सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की गेहूं के उपार्जन की तिथि को तीन बार बदलने से किसने की कमर टूट चुकी है ।अभी तक समर्थन मूल्य पर खरीदी ना होने से किसानों के घरों के निजी खर्च शादी विवाह एवं बैंकों की देनदारी समय पर न होने से किसान दिल्प डिफाल्टर व ओवरड्यू की श्रेणी में आ गए हैं जिसकी भरपाई शासन स्तर करें.

एक नजर में

प्रभारी सागर आईजी पहुंचे दमोह, श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के किए दर्शन

नवभारत,दमोह .नर्मदा पुरम आईजी (पुलिस महानिरीक्षक) मिथिलेश शुक्ला को अतिरिक्त सागर का प्रभार मिलने पर वह ज्वाइन करने के लिए सागर पहुंचे थे, जहां ज्वाइन कर प्रथम बार दमोह जिले के प्रसिद्ध श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंच भोले बाबा के दर्शन कर अराधना की .साथ में डीआईजी शशींद्र चौहान मौजूद रहे . इसके बाद जिले के संबंध में जानकारी ली .इसके पूर्व दमोह बॉर्डर पर एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया ने रिसीव किया . इस अवसर पर एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रधान आरक्षक प्रकाश यादव सहित पुलिस मौजूद रहे .

अभिषेक बने इनकम टैक्स ऑफिसर

नवभारत,दमोह .पूर्व जनपद अध्यक्ष स्व .बद्री पटेल के पुत्र अभिषेक पटेल का इनकम टैक्स ऑफिसर में चयन हुआ .ग्राम बमनपुरा तहसील पटेरा जिला दमोह को सभी बधाई, शुभकामनाएं दे रहे हैं .

विश्व नवकार दिवस हमारा गर्व हमारी आस्था

नवभारत,दमोह .9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस के रूप में मनाने के लिए जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह के समस्त वीर बंधुओं के आव्हान पर दमोह जैन एवं सभी धर्म के धर्मावलंबी जन, सभी ने एक साथ मिलकर णमोकार मंत्र का अखण्ड जाप, नगर के सर्वधर्म स्थल बेलाताल पार्क,पर कर,विश्व णमोकार दिवस मनाया गया।दमोह नगर की सम्पूर्ण जन मानस ने, पूर्ण रूप से समर्थन किया।एवं सभी जन मानस को इस दिन पर पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित किया गया।

बीईओ द्वारा हिनौता प्राचार्य से ही बनवाया गया जांच प्रतिवेदन, बीईओ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नवभारत,हटा/दमोह .हिनौता हायर सेकेंडरी स्कूल में 28 फरवरी को कक्षा 11वीं के अर्थशास्त्र परीक्षा में सामूहिक नकल कराने का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बीईओ हटा को सामूहिक नक़ल प्रकरण की जांच सौंपी गयी थी, लेकिन हटा बीईओ बी .एल बिदौलिया के द्वारा परीक्षा केंद्रध्यक्ष से जांच प्रतिवेदन बनावाया गया . जबकि इमव के द्वारा वस्तु स्तिथि की विधालय के जा कर जांच नहीं की गयी, जांच प्रतिवेदन को बीईओ हटा के द्वारा किसी भी प्रकार की टीप ना लगाकर सीधा केंद्रध्यक्ष से प्राप्त प्रतिवेदन डीईओ दमोह को दिया गया, लेकिन आज दिनांक तक दो महीने होने पर भी सम्बंधितो पर कार्यवाही नही को गयी हालांकि, अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने से पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े हो रहे हैं .

दमोह से हटा रेल लाइन सर्वे के लिए मिली स्वीकृति

नवभारत,दमोह. दमोह से हटा,कुंडलपुर,खजुराहो तक जोड़ने के लिए अब रेलवे लाइन की सुविधा भी लोगों को मिलने वाली है.इसके सर्वे की स्वीकृति मिल चुकी है.बुधवार दोपहर दमोह सांसद राहुल सिंह के द्वारा अपने आवास पर एक पत्रकारवार्ता कर इस रेल लाइन स्वीकृति के बारे में जानकारी दी.इस अवसर पर संजय यादव, प्रिंस जैन,राघवेंद्र परिहार, जुगल अग्रवाल उन्होंने कहा की हटा आने वाले समय में उद्योग शहर के रूप में पहचाना जाएगा जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी.सांसद ने बताया कि दमोह से हटा, कुंडलपुर, खजुराहो, पन्ना के लिए रेल लाइन स्वीकृति के लिए रेल मंत्री से उन्होंने अपने अन्य सांसद साथियों के साथ निवेदन किया था. जिसके सर्वे की स्वीकृति रेल मंत्री के द्वारा प्रदान की गई है.आने वाले समय में जब रेलवे लाइन यहां पर आएगी तो दमोह से हटा और वहां से सीधे खजुराहो के लिए रेल कनेक्टिविटी तैयार हो जाएगी.यह करीब 125 किलोमीटर का चक्कर होगा.दूसरा खजुराहो से छतरपुर, छतरपुर से सागर वहां से सीधे भोपाल तक करीब 325 किलोमीटर का रन होगा उसके लिए भी सर्वे होगा.इसके लिए वह प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद देते हैं.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **महंती** आयु 45 वर्ष पत्नि श्री माधव सिंह लोधी पता- ग्राम सीगोन, पोस्ट केरबना, तहसील बटियागढ़ जिला दमोह मध्यप्रदेश की स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरे मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हल्की बहू लोधी पति माधव सिंह लोधी दर्ज है। जबकि मेरे निवास प्रमाण पत्र एवं मेरे बच्चों के सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम **महंती पति माधव सिंह लोधी** दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 834813693523 में आपका नाम हल्की बहू लोधी के स्थान पर निवास प्रमाण पत्र के अनुसार महंती दर्ज करवाना चाहती हूं। इस हेतु यह शपथपत्र और सूचना का प्रकाशन करवा रही हूं।

दिनांक- 09/04/2026,
स्थान दमोह (म.प्र.)

शपथकर्ती/भवदीय
महंती पत्नी श्री माधव सिंह लोधी

अव्यवस्था | देर रात किसान ट्रैक्टर, पिकअप वाहनों में अनाज लेकर विक्रय करने पहुंचे

कृषि उपज मंडी दमोह में लगी लंबी कतार . . .

नवभारत,दमोह. कृषि उपज मंडी में इस समय आप देख रहे हैं ट्रैक्टरों, पिकअप वाहनों की कतारे लंबी-लंबी आधा किलोमीटर दूर से लगी हुई है.किसान अपना अनाज लेकर मंडी पहुंच गया है, लेकिन यहां मंडी गेट पर तालाबंदी मंडी के द्वारा की गई है.

जैसे ही लंबी कतार की खबर पुलिस को मिली मौके पर चौकी प्रभारी विक्रम दांगी, प्रधान आरक्षक अमोल सिंह सहित पुलिस मौजूद रही और व्यवस्था बनाने में लगी रही. इस खरीदी के समय किसान या फिर आमजन, पुलिस, गार्ड से विवाद आपस में हो जाता है.

जिससे कोई भी घटना घटित हो सकती है,यहां पर कृषि उपज मंडी दमोह को व्यवस्थाएं बेहतर बनाना हो होगा.

जिससे किसान परेशान ना हो,उन्हें पहले से एलाउंस मेंट करना चाहिए . टोकन बांटना चाहिए जिससे व्यवस्थाएं सुधर सके .देर रात यहां पर किसान अपना अनाज लेकर वाहनों के साथ खड़े हुए हैं और सुबह जल्द से जल्द अनाज विक्रय हो जाए इसकी आशा कर रहे हैं .

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अंकित मुदगल** उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्व. श्री बसंत मुदगल निवासी एमआईजी 37, विवेकानंद नगर सिविल वार्ड नं. 6, दमोह तह. व जिला दमोह (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र मृणांक मुदगल पिता अंकित मुदगल, माता श्रीमती अर्पणा मुदगल का जन्म प्रमाण में नाम दर्ज हो गया है। यह कि मैं अपने पुत्र का नाम राशि के अनुसार नाम परिवर्तन करवाना चाहता हूँ, अब मैं अपने पुत्र का नाम मृणांक मुदगल के स्थान पर **माधवन मुदगल (MADDHVAN MUDGL)** पिता अंकित मुदगल माता श्रीमती अपर्णा करवाना चाहता हूँ। इस हेतु शपथ पत्र एवं सूचना का प्रकाशन करवा रहा हूँ।

स्थान- दमोह
दिनांक-09/04/2026

भवदीय/शपथकर्ता
अंकित मुदगल